**NEWS इन ब्रीफ**

## पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी के धरने का आजसू नेता ने किया समर्थन

**मेदिनीनगर।** आजसू पार्टी के पार्टी के केंद्रीय सचिव सतीश कुमार ने कहा कि मेदनीनगर के सदर अस्पताल में चरमराई चिकित्सा व्यवस्था के सुधार के लिए पुर्व मंत्री के एन त्रिपाठी का सदर अस्पताल में सांकेतिक धारना झारखण्ड सरकार के लिए एक संकेत है। चैनपुर प्रखंड के चांदो निवासी का हार्ट एटेक होता है, बिना प्राथमिक उपचार के रांची रेफर कर दिया जाता है। रांची जाने के लिए कोई एम्बुलेंस की व्यवस्था नही होती है। ऐसे में कोई भी संवेदनशील व्यक्ति के लिए संघर्ष के अलावा कोई और रास्ता नही बच जाता है जो काम के एन त्रिपाठी ने किया। ये सदर अस्पताल में परम्परा बन गई है, अगर मरिज होस्पीटल मे पदस्थापित डाक्टरों के निजी होस्पीटल मे जाता है तो ईलाज हो जाता है। एकाध छोड़ कर सभी डॉक्टर का दलाल आज भी मरिजो को बरगलाने के लिए एम एम सी एच मे चक्कर काटते रहते हैं। न तो अस्पताल में सफाई की बेहतर व्यवस्था है न ही जांच का व्यवस्था है, दवा का बितरण भी ढंग से नहीं होता। इस घटना के एक दिन पहले पलामू के उपायुक्त शशि रंजन व निगम आयुक्त रवि आनन्द एम एम सी एच के सभी वार्ड में दौरा कर सम्बंधित पदाधिकारी व कर्मचारियों को शक्त हिदायत दी बावयुद कोई सुधार नहीं हुआ। इसी से अनुमान लगाया जा सकता है कि दुर दराज से ईलाज कराने आने वाले मरिजो का क्या हाल होता होगा। कमोबेश झारखण्ड के सरकारी होस्पीटल की यही स्थिति है। चिकित्सक मोटे रकम देकर पदस्थापित होते है तो कुव्यवस्था का पुरा व्यवस्था सरकार की ओर से हो जाता है। सईया भई कोतवाल तो डर काहे का, कमोबेश झारखण्ड के सरकारी तंत्र का यही हाल हो गया है।

## कांग्रेस की बैठक में 'हल्ला बोल यात्रा' का निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आज दिनांक 26 अगस्त 2023 को पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में पलामू जिला के सभी प्रखंड अध्यक्ष की बैठक की गई। जहां जन विरोधी नीतियो के खिलाफ हल्ला बोल यात्रा का निर्णय लिया गया। बैठक में सभी प्रखंड अध्यक्ष एक स्वर में कहा कि प्रखंड में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। प्रखंड में पदाधिकारी एवं कर्मचारी बिना पैसा लिए हुए एक भी काम नहीं कर रहे हैं और फोन भी रिसीव करना उचित नहीं समझते हैं। रात के अंधेरे में थाना एवं खनन के पदाधिकारीयों की मिली भगत से प्रत्येक दिन बालू का अवैध उठाव हो रहा है। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने सभी बातों को गंभीरता से सुनकर कहा कि सभी समस्याओं को उपायुक्त महोदय को अवगत कराया जाएगा। जल्द से जल्द अगर समस्या में अंकुश नहीं लगा तो पूरी जानकारी से अवगत कराएंगे। प्रदेश के मंत्री गण को एवं जिला अध्यक्ष ने पंचायत कमेटी का समीक्षा किया एवं आगे कहा कि लक्ष्य 2024 को लेकर संगठन का हर कार्यकर्ता बूथ तक सक्रिय होकर काम कर रहा है ।15 सितंबर से हल्ला बोल यात्रा सभी प्रखंडों में किया जाएगा। यह यात्रा लक्ष्य 2024 को लेकर एक मील का पत्थर साबित होगा इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी प्रखंड में प्रभारी एवं सह प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई।

## बिना परमिट व लाइसेंस के सड़कों पर धड़ल्ले से दौड़ रहे ऑटो

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर में ऑटो चालकों की मनमानी के कारण आये दिन जगह-जगह सड़कें जाम हो रही हैं। जिससे यात्रियों के साथ-साथ आम जनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सड़क हादसे भी बढ़ रहे हैं। पलामू में परमिट वाले ऑटो से ज्यादा बगैर परमिट वाले ऑटो चलते हैं। जबकि झारखंड हाईकोर्ट का सख्त आदेश है कि शहर हो या गांव परमिट वाले ऑटो को ही चलने दिया जाए। इसके बावजूद मेदिनीनगर शहर में धड़ल्ले से बगैर परमिट वाले ऑटो दौड़ रहे हैं। वहीं पुलिस-प्रशासन ने भी इसे लेकर अपनी आंखे बंद कर रखी है। उनके द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है। शहर में लगभग ऑटो का परमिट और ऑटो चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस नही है। सख्त कार्यवाई नहीं होने के कारण बिना लाइसेंस और परमिट के ऑटो सड़क पर सरपट घूम रहे हैं, जिस कारण शहर में ऑटो की संख्या बहुत ज्यादा बढ़ गई है। जरूरत से ज्यादा ऑटो होने के कारण शहर में हर जगह जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। इसके अलावा यात्री भी रास्ते में ही ऑटो को हाथ दिखा कर रोक देते हैं। वहीं दूसरी ओर ऑटो चालकों का कहना है कि उनके लिए स्टैंड तो बना हैं। लेकिंग वहां लोकल पैसेंजर नही रहते हैं। ऐसे में उन्हें यात्री बैठाने के लिए मजबूरन जहां-तहां ऑटो रोकना पड़ता है। बताते चलें कि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में ऑटोरिक्शा चालकों की मनमानी बाधा बन गयी है। ट्रैफिक पुलिस के द्वारा इन ऑटो चालकों पर सही तरीके से कार्रवाई नहीं की जा रही है ।छह मुहान चौक पर एक पुलिस कर्मी ने बताया कि ऑटो चालकों की मनमानी पर प्रशासन की ओर से कोई सख्त कार्रवाई अभी तक नहीं हुई है और ना ही कोई सख्त कानून बना है। जिसकी वजह से मौके पर मौजूद ट्रैफिक पुलिस और पुलिसकर्मी भी कुछ नहीं कर पाते हैं। ऑटो चालकों को रूट पास और परमिट निर्धारित किया गया है, फिर भी कुछ ऑटो चालक अवैध रूप से ऑटो चला रहे हैं।




**क्या कहते हैं ट्रैफिक प्रभारी**

ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह कहते हैं की बिना परमिट वाले ऑटो के लिए समय-समय पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है , फिर भी अगर ऐसे ऑटो चल रहे हैं तो निश्चित रूप से कार्रवाई करेंगे।

## मदर टेरेसा की 113 जयंती मनाई गई

**मेदिनीनगर।** संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में भारत रत्न नोबेल पुरस्कार से सम्मानित मदर टेरेसा की 113 जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। सर्वप्रथम मदर टेरेसा के तस्वीर के समक्ष कैंडल जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि मदर मदर टेरेसा प्रेम दया त्याग की प्रतिमूर्ति थी। जिनका संपूर्ण जीवन गरीबों की सेवा में समर्पित किया। मदर टेरेसा ने जिस आत्मीयता के साथ भारत के दीन दुखियों की हृदय से सेवा की, इसके लिए देश सदैव उनक ा आभारी रहेगा। मदर टेरेसा रोमन कैथोलिक नन थीं। जिन्होंने 1948 में स्वेच्छा से भारतीय नागरिकता ले ली। उन्होंने 1950 में कोलकाता में मिशनरी ऑफ चैरिटी की स्थापना की। उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार, भारत रत्न, ऑर्डर ऑफ द मेरिट तथा पद श्री से नवाजा जा चुका है।

# मेदिनीनगर खासमहल जमीन का होगा लीज नवीकरण, उपायुक्त होंगे सक्षम प्राधिकार

### न्यूनतम मूल्य निर्धारण में विसंगति होने पर उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित कमेटी करेगी जांच

**समिति द्वारा जांच कर संबंधित मौजा या वार्ड के न्यूनतम मूल्य में संशोधन किया जायेगा तथा इसकी सूचना राज्य के निबंधन महानिरीक्षक को दी जायेगी**




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर ।** खासमहल भूमि की लीज नवीकरण का रास्ता निकलता दिखने लगा है। खासमहल भूमि के बाजार दर के निर्धारण के लिए आवश्यक औपचारिक प्रक्रियाओं को स्पष्ट करते हुए बताया गया है कि जिला अंतर्गत सभी प्रकार की भूमि (शहरी एवं ग्रामीण) के न्यूनतम मूल्य निर्धारण हेतु संबंधित जिले के उपायुक्त सक्षम प्राधिकार हैं। यह जानकारी प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल के निर्देश पर आयुक्त के सचिव मतियस विजय टोप्पो ने राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के निर्देशों के हवाले से दी है। उन्होंने बताया कि विभाग के विभिन्न पत्रों एवं अधिसूचना से स्पष्ट है कि जिला अंतर्गत सभी प्रकार की भूमि के न्यूनतम मूल्य निर्धारण हेतु संबंधित जिला के उपायुक्त सक्षम प्राधिकार हैं। यदि किसी क्षेत्र के न्यूनतम मूल्य निर्धारण में कोई विसंगति हुई है अथवा न्यूनतम मूल्य बाजार मूल्य से अधिक हो गया है, तो इसकी जांच उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित कमेटी के द्वारा की जाएगी। इस कमेटी में सदस्य के रूप में अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, जिला अवर निबंधक, अवर निबंधक, नगर निगम, नगरपालिका आदि के कार्यपालक पदाधिकारी, संबंधित जिला अधिकारी तथा कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग शामिल रहेंगे। इस समिति द्वारा जांच कर संबंधित मौजा या वार्ड के न्यूनतम मूल्य में संशोधन किया जाएगा तथा इसकी सूचना राज्य के निबंधन महानिरीक्षक को दी जायेगी। विदित हो कि प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय द्वारा नवंबर 2022 में मेदिनीनगर में उपलब्ध खासमहाल भूमि से संबंधित खासमहल परामर्शदातृ समिति द्वारा निर्धारित, भूमि के अद्यतन बाजार दर का अनुमोदन करने हेतु राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग से अनुरोध किया गया था।

**मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 अंतर्गत जिले में**

## हाउस टु हाउस सर्वे का रांची की टीम ने किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत जिले में बीएलओ द्वारा किये जा रहे घर-घर सत्यापन कार्य का शनिवार को मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग रांची के स्तर से प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों ने शनिवार को समीक्षा की। जांच दल में शामिल पदाधिकारियों द्वारा सभी विधानसभा क्षेत्र के चयनित मतदान केंद्रों के बीएलओ एवं सुपरवाइजरों के द्वारा जांच किये गये बीएलओ रजिस्टर एवं वोटर लिस्ट की गहनतापूर्वक जांच की गयी। इसके पश्चात पदाधिकारियों ने बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को बेहतर तरीके से कार्य निष्पादन करने को लेकर कई निर्देश दिये। रांची से आयी टीम के द्वारा छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 157- उत्क्रमित मध्य विद्यालय कजरी व डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 323- पंचायत भवन खामडीह में घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन एवं पन्ना वेरिफिकेशन का कार्य का अवलोकन किया गया। इस दौरान टीम के सदस्यों ने मतदाताओं से सीधा संवाद स्थापित कर निर्वाचन से जुड़े विभिन्न समस्याओं का समाधान भी किया। मौके पर संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

## बीडीओ सह सीओ से मिला पांकी प्रखंड के उप मुखिया संघ का प्रतिनिधिमंडल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पांकी प्रखंड के उपमुखिया संघ का प्रतिनिधिमंडल ने बीडीओ सह सीओ प्रशांत कुमार से शिष्टाचार मुलाकात कर पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र देकर स्वागत और अभिनंदन किया। सभी सम्मानित उपमुखिया से एक - एक कर परिचय हुआ। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी ने पंचायत के समस्या से भी अवगत हुए। पांकी उपमुखिया संघ के अध्यक्ष मो. इकबाल अहमद ने कहा कि सभी पंचायत के पदाधिकारी पंचायत भवन में नहीं बैठते है। जिससे आम जनों को बहुत परेशानी रहता है। छोटा से छोटा कार्य के लिए भी प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है और पंचायत के वार्ड जैसे प्रतिनिधियों को नगण्य समझा जाता है। उप मुखिया संघ का समस्या सुनने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि जो पहले हो रहा था, वह आप लोगों के साथ नहीं होगा। पंचायत के विकास में सभी का मान - सम्मान में बराबर की हिस्सेदारी रहेगी। उन्होंने कहा कि उनके रहते सभी पंचायत भवन में सोमवार से शनिवार तक कोई न कोई पधाधिकारी बैठेंगे। मौके पर उपमुखिया संघ के सचिव अमित कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष अनारिक राम, उपमुखिया बैजनाथ यादव, सीनू कुमार, प्रेम कुमार, संतोष कुमार, राजकिशोर कुमार, दिलीप साव, अजगूत सिंह, सोनम कुमारी, सत्यदेव सिंह सहित सभी पंचायत के उप मुखिया उपस्थित थे।

## पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड सरकार के निदेर्शानुसार सदर प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत पोलपोल के चक बरैवा में विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, इस सिविर में डाक्टर अनूप विलियम लकडा प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी सदर मेदिनीनगर ने पशुपालन विभाग द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना कि विस्तृत जानकारी देते हुए कहा की पशुपालन विभाग द्वारा 5 प्रकार कि योजना चलाई जा रही है। जो निम्न हैं- बकरा विकास योजना, शुकर विकास योजना, 500 ब्रोयलर चूजा पालन योजना, 400 बैकयार्ड लेयर चूजा पालन योजना,15 बतक चूजा वितरण योजना। इनमें अनुसूचित जाति/ जनजाति के लाभूको को सरकार द्वारा इन योजनाओं में 90% तक का अनुदान दिया जाता है।इन 2 जाति समुदाय के लाभुको को छोड़कर बाकि जाति जैसे- पिछड़ी जाति, समान्य जाति के लाभुको को 75% अनुदान सरकार द्वारा दिया जाता है।विकलांग, विधवा ,अविवाहिता, परित्यक्ता और निसंतान दम्पति के लाभुको को 90% अनुदान दिया जाता है चाहे ये कोइ भी जाति समुदाय का हो। गाय विकास विभाग से विषेश कर 3 तरह कि योजना चलाई जाति है।

**2 दुधारू गाय/भैंस कि योजना**

इसमें सिर्फ महिला ही आवेदन कर सकती है, 90% अनुदान कि पात्र वैसी बिधवा महिला है जिनके पति कि मृत्यू सड़क दुर्घटना, करोना, बजरपात, या किसी आपदा से हूइ हो , महिला विकलांग हो, परित्यक्ता हो, निसंतान दम्पति वाली महिला, अविवाहिता हो, किसी भी जाति समुदाय कि हो। 75% अनुदान किसी भी जाति समुदाय कि महिला को दिया जाता है !

**5 दुधारू गाय मिनि डेयरी कि योजना व 10 दुधारू गाय मिनि डेयरी कि योजना**

5 एवं 10 गाय कि योजना को महिला पुरूष दोनो आवेदन कर सकते है 75% का अनुदान अनुसूचित जनजाति/ अनुसूचित जाति, विधवा, विकलांग, अविवाहिता, परित्यक्ता, निसंतान दम्पति, के लाभुक चाहे किसी भी जाति के हो इन्हे 75% का अनुदान दिया जाता है। बाकि किसी भी जाति समुदाय के (पिछड़ी जाति/ समान्य जाति) के लाभुको को 50% का अनुदान दिया जाता है।आज के इस पशु चिकित्सा शिविर में कृमि नासक, भुख कि दवा पाचक, घाव का मलहम, चमोकन के दवा, विटामिन्स, मिनरल्स, लिवर टॉनिक, कैल्शियम, पतला दस्त कि दवा, एनटी स्ट्रेस कि दवा का निःशुल्क वितरण किया गया। इस पशु चिकित्सा सिविर में प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी सदर मेदिनीनगर के सहयोग के लिए कृत्रिम गभार्धान कार्यकर्ता सुरेश बिशवकरमा सवाकौडिया, विकास कुमार जोड़, राकेश कुमार साव पोल्पोल, मोहन साव और सैकड़ो ग्रामीण पशुपालक उपस्थित थे।

**आदिम जनजातियों की बकाया राशि के भुगतान पर**

## भाकपा नेता ने दिया डीसी पलामू को धन्यवाद



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव श्री रुचिर कुमार तिवारी ने आदिम जनजातियों के तीन माह का बकाया राशि नहीं मिलने के खिलाफ आदीम जनजातियों के महिलाओं को साथ लेकर जिला आपूर्ति पदाधिकारी के कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया था और उसके उपरांत कल महिलाओं के साथ पलामू उपयुक्त से मुलाकात कर उनको मांग पत्र भी सोपा गया था जिसमें पलामू उपयुक्त में गंभीरता से इसे लिया और आज आदिम जनजातियों को दो माह का राशन आज प्राप्त हुआ। ऐसी स्थिति में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने उपयुक्त पलामू को धन्यवाद दिया है साथ ही अन्य पदाधिकारी को यह चेतावनी भी दिया है कि भ्रष्ट और घुसखोरर पदाधिकारी सचेत हो जाए गरीबों का राशन खाना बंद करें, काम के ऐवज में पैसा लेना बंद करें अन्यथा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पलामू जिला परिषद उनके खिलाफ आंदोलन करेगी और उनको सबक सिखाएगी। जिला सचिव के साथ, राजू कुमार सिंह, सुषमा मुरमा, गुजरी देवी, शांति कुमारी, रीता देवी, कमोदा कुंवर ,किरण देवी उर्मिला देवी अनीता देवी मुन्नी देवी, सारांज देवी, सोनपति कुअंर,करम देवी, तारा देवी, दीपा कोरवा शहीद कई लोग उपस्थित थे।

## प्रतिनियुक्ति में अनियमितता व अन्य समस्याओं पर शिक्षकों ने डीईओ को दिया ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शिक्षक संघ के नेतृत्व में +2 शिक्षक जिला स्कूल सहित विभिन्न विद्यालयों में प्रभारी प्रधानाध्यापक की प्रतिनियुक्ति में हुई अनियमितता को लेकर पलामू के जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी से मिलने पहुचे। संघ सचिव राकेश कुमार यादव ने अन्य शिक्षक साथियों के साथ डीईओ को ज्ञापन दिया। ज्ञात हो कि जिला स्कूल में प्रभारी प्रधानाध्यापक करूणा शंकर तिवारी के समय सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस के परीक्षा परिणाम में अनियमितता के कारण उन्हे प्रभार से मुक्त कर दिया गया था। उसके बाद डीईओ कार्यालय के आदेश से वरीय शिक्षकों को नजरअंदाज करते हुए कनीय शिक्षक रोहित कुमार तिवारी को प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रतिनियुक्त कर दिया गया। इसके विरोध में जिला स्कूल के वरीय शिक्षक बलराम साव ने डीईओ कार्यालय में आवेदन भी दिया। लेकिन उसपर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। ऐसी अनियमितता जिला के अनेक विद्यालयों में है। कई विद्यालय तो ऐसे है कि वरीय शिक्षक के रहते हुए भी प्राथमिक शिक्षकों को प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रतिनियुक्त कर दिया गया है। जिसको लेकर शिक्षको में रोष व्याप्त है। इन्ही सभी समस्याओं को लेकर शिक्षकों ने डीईओ कार्यालय को ज्ञापन दिया है। संघ सचिव ने बताया कि यदि डीईओ कार्यालय द्वारा इसका तत्काल निदान नहीं निकाला गया तो उच्च पदाधिकारी को भी ज्ञापन दिया जायेगा। जब तक विद्यालयों में व्याप्त अनियमितताओं को समाप्त कर नियमों को स्थापित नहीं किया जाता है, लड़ाई जारी रहेगी। यदि नियमों की स्थापना में न्यायालय जाना पडा तो भी शिक्षक संघ पीछे नहीं हटेगा। संघ का उद्देश्य शिक्षकों के हितों की रक्षा करना है। मौके पर अमरेश कुमार सिंह ( संघ अध्यक्ष), प्रमोद पाण्डेय (उपाध्यक्ष), नीरज द्विवेदी (कोषाध्यक्ष), शाहिद अख्तर (मीडिया प्रभारी) रामप्रकाश शर्मा (प्रमंडलीय सचिव) सहित शिक्षक शैलेन्द्र कुमार शर्मा, शिवापद महातो, नितेश कुमार यादव, बबली कुमारी, सगुफ्ता बानो, अच्छेलाल प्रजापति, ब्रजकिशोर तिवारी, बलराम साव, जगदीश यादव, योगनाथ शुक्ला, अजीम अंसारी, मुकेश कुमार, अजीत कुमार, पंकज कुमार, कुन्दन कुमार, स्वामी प्रसाद, गोविन्द यादव, राजेश विश्वकर्मा, सरिता कुमारी आदि उपस्थित रहे।

**लोक अदालत** | **8 लाख 62 हजार 410 रुपये का मामला सेटल**

# लोक अदालत में 114 मामले का निस्तारण

**लोक अदालत में मामलों के निस्तारण के लिए 9 पीठों का गठन किया गया**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झालसा के दिशा निर्देश व जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने की। लोक अदालत में सुलह समझौते के आधार पर 114 मामलों का निस्तारण किया गया। वहीं 8 लाख 62 हजार 410 रुपये का मामला सेटल हुआ। लोक अदालत में मामलों के निस्तारण के लिए 9 पीठों का गठन किया गया था। प्रथम पीठ में कुटुंब न्यायालय से संबंधित मामले का निस्तारण कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तंड प्रताप मिश्रा व अधिवक्ता वीणा मिश्रा कर रहे थे। इस पीठ में भरण पोषण के एक मामले का निस्तारण किया गया ।दूसरे पीठ में सभी जिला एवं सत्र न्यायाधीश के कोर्ट के लम्बित मामले व विद्युत विभाग के मामले का निस्तारण जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम संतोष कुमार व अधिवक्ता प्रदीप कुमार कर रहे थे। इस पीठ में विद्युत विभाग के 43 मामलों का निस्तारण किया गया।इसमें तीन लाख छह हजार रुपए राजस्व की प्राप्ति हुई। पीठ संख्या तीन में आपराधिक मामलों का निस्तारण परमानंद उपाध्याय जुडीशियल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी व अधिवक्ता शशि भूषण कर रहे थे। इस पीठ में 48 मामलों का निस्तारण किया गया और वन विभाग को 68 हजार 800 रुपये राजस्व प्राप्त हुआ। उत्पाद विभाग को एक लाख 975 रुपये राजस्व प्राप्त हुआ। पीठ चार में सिविल जज सीनियर डिवीजन कोर्ट के मामले का निस्तारण सिविल जज सीनियर डिवीजन निशिकांत व अधिवक्ता हुसैन वारिस ने किया। इस पीठ में एक भी मामले का निस्तारण नही हो सका। पीठ संख्या पांच में सिविल जज जूनियर डिवीजन कोर्ट के मामले का निस्तारण सिविल जज जूनियर डिवीजन प्रतीक राज व अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने किया। इस पीठ में एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका । पीठ संख्या छह में जे जे बोर्ड के मामले का निस्तारण जे जे बोर्ड के प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट रितु कुजूर व अधिवक्ता सतीश कुमार दुबे ने किया। इस पीठ में एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। पीठ संख्या सात में रेलवे कोर्ट से संबंधित मामले का निस्तारण रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी मनोज कुमार व अधिवक्ता संजय कुमार सिन्हा ने किया। इस पीठ में रेलवे के 9 मामले का निस्तारण किया गया और तीन हजार रुपये राजस्व प्राप्त हुआ। पीठ संख्या आठ में प्रीलिटिगेशन से संबंधित मामले का निस्तारण स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता व सदस्य अशोक प्रसाद ने किया। इस पीठ में 13 मामलों का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या नव में एग्जीक्यूटिव और एवेन्यू संबंधित मामले का निस्तारण एग्जेक्युटिव मजिस्ट्रेट विक्रम आनंद व अधिवक्ता उत्तम कुमार ने किया। इस पीठ में एक भी मामले का निस्तारण नही हो सका। इस दौरान एसबीआई को 14 हजार 500 प्राप्त हुआ। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक को तीन लाख 45 हजार रुपये प्राप्त हुए। । वहीं एक हेल्प डेस्क बनाया गया था। जिसमें लोगों को मदद के लिए अधिवक्ता पुष्कर राज व पीएलभी मुनेश्वर राम को लगाया गया था।

### शालीग्राम उपाध्याय हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे के अंदर किया उद्भेदन

# पत्नी निकली हत्या की मास्टरमांइड

## दो भाइयों के साथ मिलकर दिया था घटना को अंजाम, तीनों गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी (चतरा)**

जिले के इटखोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत चतरा-चौपारण मुख्य मार्ग स्थित मनोज पासवान के झोपडपट्टी होटल में बीते गुरुवार को सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत दुधौरी गांव निवासी राजदेव उपाध्याय के पुत्र शालीग्राम उपाध्याय की अज्ञात लोगों द्वारा धारदार चाकू से हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद से पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच करते हुए इस ब्लाइंड मडर केस का पुलिस टीम ने 24 घंटे के अंदर उद्वेदन करते हुये हत्या में शामिल उसकी पत्नी और दो सालों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

शनिवार को इटखोरी थाना परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एसडीपीओ अविनाश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक के जीजा बब्लु के लिखित आवेदन के आधार पर अज्ञात लोगों के विरुद्ध इटखोरी थाना कांड संख्या 102/23, धारा 302/34 भादवि दर्ज किया गया। उसके बाद पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के द्वारा कांड के संवेदनशीलता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई तथा गिरफ्तारी हेतू मेरे नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा कार्रवाई करते हुए कांड का उद्धभेदन किया गया। मृतक की ही पत्नी निकली हत्याकांड की मास्टरमाइंड। दो भाइयों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने मृतक की पत्नी सावित्री देवी व दो साले राहुल कुमार पंडित व विशाल कुमार उर्फ केतू पंडित को गिरफ्तार किया है। साथ ही हत्या में प्रयुक्त चाकू, अभियुक्त राहुल कुमार का खून से सना शर्ट व पजामा समेंत विभिन्न कंपनियों का दो मोबाइल फोन जप्त किया गया है। बीमार पत्नी का इलाज नहीं कराना, शराब पीकर आए दिन बेरहमी से बीमार पत्नी के साथ मारपीट करने को लेकर नाराज पत्नी व सालों ने षड्यंत्र के तहत इटखोरी बुलाकर शालीग्राम उपाध्याय को शराब पिलाकर धारदार चाकू से गला रेत कर हत्या कर दी थी। गिरफ्तार अभियुक्तों ने इस कांड की घटना में अपने संलिप्तता स्वीकार की है। छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक शिव प्रकाश कुमार, थाना प्रभारी विनोद कुमार, पुअनि अनिल कुमार, बंटी यादव व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## नेतरहाट : महिला की हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

**महुआडांड़।** नेतरहाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत रचांग बटूवाटोली गांव में गुरुवार की रात रनकी देवी (45) की धारदार हथियार (टांगी) से गर्दन काटकर हत्या करने के आरोपी को नेतरहाट थाना पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान दिलेश्वर किसान पिता चकती किसान (50) ग्राम कोरगी बटुवाटोली नेतरहाट के रूप में की गयी है। थाना प्रभारी बंधन भगत ने बताया कि आरोपी दिलेश्वर ने हत्या करने की बात स्वीकार कर ली है। वो शराब के नशे में सो रहे रनकी देवी की कुल्हाड़ी से गर्दन काटकर हत्या कर दी थी।



# बालूमाथ वन क्षेत्र में हाथियों का उत्पात जारी, 4 घर किये ध्वस्त

## लाखों का नुकसान, वन विभाग के प्रति ग्रामीणों में आक्रोश



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत धाधु पंचायत के भैसादोन ग्राम में बीते शुक्रवार रात 9 बजे जंगली हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाते हुए किसान बिंदेश्वर यादव पिता लुरुक यादव का मकान को ध्वस्त कर घर में रखे अनाज को खा कर घर के सामान को तोड़फोड़ कर तहश-नहस कर दिया। पीड़ित को लाखों का नुकसान हो गया। पीड़ित परिवार ने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है और जंगली हाथियों से निजात दिलाने का आग्रह किया।

### भाजपा मंडल अध्यक्ष घटनास्थल पर पहुंचे

वहीं घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा घटना स्थल पर पहुंच घटना का जायजा लेकर वन विभाग व सरकार से मांग करते हुए कहा कि पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द पक्का मकान एवं खाद्य पदार्थ जल्द मुहैया कराया जाए ताकि गरीब परिवार अपना गुजारा कर सके। इसके साथ ही धाधु के भगत टोला में भी हथियों ने आतंक मचाते हुए चार घरों को तोड़ दिया, जिसमें पीड़ित सतीश भगत पिता सुनील भगत, फूलन भगत पिता मिचु भगत, भद्दू उरांव पिता तुरी उरांव, तेतरा ओरांव पिता तुरी उरांव को भी लाखों का नुकसान कर दिया। लक्ष्मण कुशवाहा ने वन विभाग को इस नुकसान की भरपाई जल्द करने को कहा। मौके पर भाजपा अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दसरथ टाकुर, पंचायत अध्यक्ष बिनोद यादव, भाजयुमो मंडल महामंत्री पवन यादव, बसंत कुशवाहा, मुकेश यादव, सागर भुइया, बिंदेश्वर यादव, लड्डू यादव, हरी यादव, पंकज यादव समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग 3 गाय व 3 बकरी की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**



प्रखंड अंतर्गत मुरपा ग्राम में नूर मोहम्मद मियां का घर के गोहाल में बीते शनिवार अहले सुबह शॉर्ट सर्किट लगी आग में जलकर 3 गाय और 3 बकरी की मौत हो गई। इसके बारे में जानकारी देते हुए मोहम्मद नूर मियां ने बताया कि हर दिन की तरह घर स्थित गोहाल में गाय सहित बकरियों को बांधा था। सुबह लगभग 3:30 बिजली की शॉर्ट सर्किट हुई और इसके संपर्क में मवेशी तथा गोहाल में रखे पोवाल आदि आया और जिससे मवेशियों की झुलस कर मौत हो गयी। इसकी जानकारी मिलते ही झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर उरांव और उपाध्यक्ष राजेश यादव आदि लोग नूर मियां के घर पहुंचे एवं नूर मियां को सरकारी लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। बता दें कि नूर मियां का जीविका पार्जन इन्हीं तीन गायों का दूध बेचकर होता था। गायों के मर जाने से नूर मियां के सामने बेरोजगारी और भुखमरी जैसी समस्या उत्पन्न हो गई है। नूर मियां ने सरकार से मवेशियों की मौत का मुआवजा देने की मांग की है।

## दो फरार अभियुक्त गिरफ्तार, दोनों भेजे गये जेल

**बरवाडीह।** पुलिस ने दो फरार अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह ने बताया कि अलग-अलग कांड में फरार चल रहे दो अपराधियों को उनके घरों से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। दोनों की पहचान 11 वर्षों से फरार चल रहे इमामुद्दीन खान पिता इदरीश खान तथा 10 वर्षों से फरार चल रहे शिव प्रसाद साव पिता चमरू साव पोखरी खुर्द के रूप में हुयी है। दोनों अभियुक्त फरार थे तथा दूसरी जगह जाकर काम करते थे। सूचना मिली कि दोनों अभियुक्त वर्तमान में अभी अपने घर आए हुए हैं जिससे दोनों को उनके घर से गिरफ्तार किया गया है।

# 'विधायक राम और दास को विस आश्वासन समिति से हटाया जाए'

### झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक सह सचिव ने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

विधायक बैद्यनाथ राम एवं विधायक नारायण दास को झारखंड विधानसभा आश्वासन समिति के सदस्य पद से हटाने की मांग झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने की है।

महतो ने शनिवार को एक प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि बैद्यनाथ राम एवं नारायण दास झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारी के मान सम्मान पहचान नियोजन एवं पेंशन के मामले को लेकर गंभीर नहीं है। झारखंड आंदोलनकारी के सवालों को लेकर आश्वासन समिति की कई बैठकें अब तक हो चुके हैं लेकिन बैद्यनाथ राम एवं नारायण दास अपने दायित्व का निर्वाह नहीं करते हैं। आश्वासन समिति की बैठकों में उपस्थित नहीं होते हैं जिसके कारण झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारी के मामले लंबित रह जाते हैं और झारखंड आंदोलनकारी के मान सम्मान पेंशन नियोजन एवं पहचान के मामले एवं झारखंड आंदोलनकारी के भविष्य के लाभ अधर में लटक जाते हैं। इसलिए ऐसे विधायकों को जो अलग राज्य के आंदोलनकारी के मामले में गंभीर नहीं है उन्हें फौरन ही आश्वासन समिति से हटा दिया जाना चाहिए या फिर विधायकों को स्वतः अपना नाम वापस ले लेना चाहिए। अन्यथा आने वाला दिनों में आंदोलनकारी उन्हें स्वयं हटा देंगे। जो आंदोलनकारियों के हित में काम करेगा आंदोलनकारी उन्हें ही बर्दाश्त करेंगे। महतो ने मांग की कि आश्वासन समिति में झारखंड आंदोलनकारियों की मांग उठने वाले एवं आंदोलनकारी के मामले में गंभीर व कर्तव्यनिष्ठ विधायक मथुरा प्रसाद महतो व विधायक विनोद सिंह को सरकार रखे। ये दोनों कमेटी में अपना बहुमूल्य समय देते हैं और मामलों का निष्पादन करते रहे हैं।

## संक्षिप्त

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मिला एंबुलेंस



**चंदवा।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को स्वास्थ्य विभाग झारखंड सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के तहत अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस एंबुलेंस की सौगात मिली है। जल्द ही उक्त एंबुलेंस लोगों की सेवा के लिए उपलब्ध होगा। ज्ञात हो की प्रखंड की कुल आबादी लगभग डेढ़ लाख है। चंदवा प्रखंड से होकर दो एनएच सड़क भी गुजरती है। यहां आये दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है ऐसे में यहां एंबुलेंस की अत्यधिक आवश्यकता पड़ती है। कई बार आपातकालीन स्थिति में यहां पर एंबुलेंस की कमी देखी गई है। एंबुलेंस मिलने से यहां के लोगो को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

### बीडीओ ने की प्रखंडकर्मियों संग समीक्षा बैठक

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को बीडीओ संजीत कुमार सिंह ने प्रखंड कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक किया। इस दौरान बैठक में देर से आने वाले कर्मियों को बीडीओ ने जमकर फटकार लगाया। उन्होंने कहा कि 11:30 बजे ऑफिस आते हैं और बैठक में लेट से आते हैं। यह कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में उपस्थित पंचायत सेवक, प्रधानमंत्री प्रखंड समन्वयक, स्वयंसेवक व रोजगार सेवकों को जमकार फटकार लगाते हुए प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास निर्माण कार्य, मनरेगा के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। वहीं बैठक में नहीं आने वाले कई स्वयंसेवकों को स्पष्टीकरण की मांग की है। साथी ही बैठक में उपस्थित कर्मियों को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास, मनरेगा सहित अन्य योजनाओं के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में पंचायत सचिव कमलेश कुमार वर्मा, पीएम आवास प्रखंड कोऑर्डिनेटर, फरहत नाजनी, स्वयंसेवक, रोजगार सेवक पार्वती कुमारी, सत्येंद्र कुमार वर्मा, शालिनी भारती, नाजिर रामदेव ठाकुर, मनोज मिश्रा सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### 20सूत्री अध्यक्ष ने किया हाई स्कूल का निरीक्षण

**कुन्दा(चतरा)।** शनिवार को कुंदा प्रखंड मुख्यालय स्थित स्त्रोनत प्लस 2 हाई स्कूल में औचक निरीक्षण बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष ब्रहमदेव भोक्ता ने किया। इस दौरान विद्यालय में कई खामियां अध्यक्ष को मिली, वही अध्यक्ष ने शिक्षकों को फटकार लगाई और कहा की विद्यालय को विद्यालय की तरह चलाएं व बच्चो को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें। मौके पर संगीता कुमारी, चुनमुन कुमारी, मनिसा कुमारी, ऋषभ कुमार, इंद्रजीत कुमार ने बताया की जॉग्राफी का शिक्षक नही रहने के कारण पढाई में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। निरीक्षण के दौरान प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती, मंत्री प्रतिनिधि नगीना गंझू समेत अन्य शामिल थे।

### बीडीओ ने मतदान केंद्र का लिया जायजा

**प्रतापपुर (चतरा)।** शनिवार को प्रतापपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी मुरली यादव ने प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कारूडीह मतदान केंद्र का जायजा लिया और अद्यतन स्थिति से अवगत हुए। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्र परिसर में शौचालय पेयजल की सुविधा, मतदान करने का पर्याप्त जगह, दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम सीढी, सहित और भी कई सुविधाओं का जायजा लेते हुए इससे संबंधित कई आवश्यक दिशा निर्देश बीएलओ तथा संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य को दिया।

### जिप सदस्य ने किया टूर्नामेंट का उद्धयान



**इटखोरी( चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के नवादा पंचायत अंतर्गत नवादा गांव में शनिवार को फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिप सदस्य सरिता देवी, मुखिया विकाश कुमार सिंह, दशरथ साव, टूर्नामेंट आयोजक यमुना कुमार समेत ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से विधिवत पूजा पाठकर व फीता काटकर किया। नवादा एवं कोंडा के बीच मैच का प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर सिकंदर साहू, खूब लाल साहू समेत भारी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

# सड़क सुरक्षा को लेकर किया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड के छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार द्वारा छिपादोहार संत मरियम स्कूल के स्कूली बच्चों यातायात नियमों को जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। मरियम विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के सभी बच्चों को सामूहिक रूप से लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लातेहार पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान की जानकारी दी गयी। कहा कि 18 वर्ष से पूर्व कोई भी स्कूली बच्चे किसी भी तरह के वाहन चलाने से बचें। थाना प्रभारी ने स्कूली बच्चों को बताया कि सड़क दुर्घटना होने से घर परिवार बिखर जाता है। इसलिए 18 वर्ष बाद विधिवत लाइसेंस बनाकर, हेलमेट पहन कर ही मोटरसाइकिल चलाना है। बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल नहीं चलानी चाहिए। इसके साथ थाना प्रभारी ने सभी लोगों से शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाने की अपील की। उन्होंने सड़क पार करने, सड़क में पैदल चलने समेत अन्य कई जानकारी साझा करते हुए स्कूली बच्चों को जागरूक किया। कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय प्रबंधन द्वारा थाना प्रभारी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर सब इंस्पेक्टर रंजीत राम, काशी महली, विद्यालय के फादर, सभी सिस्टर सहित स्कूल के शिक्षक उपस्थित थे।

# जियो टैग के एवज में घूस मांगने का ऑडियो वायरल

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**




प्रखंड के ग्राम पंचायत गढ़बुढनी पंचायत के 15वें वित्त आयोग के जेई लालधारी साय के द्वारा कार्य में जियो टैग के एवज में लाभुक से फोन पर घूस मांगने का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वायरल ऑडियो में जेई लालधारी साय लाभुक लुरगुमी खुर्द के रहने वाले सौदागर अंसारी से बात कर रहे हैं और अपने गारू में होने की बात कह रहे हैं7 साथ ही उनके द्वारा गढ़बुढनी पंचायत अंतर्गत बरौधी गांव में बुधन लोहरा के खेत में गार्डवाल निर्माण का जियो टैग करने के लिए दो हजार की मांग की जा रही है। बाद में लाभुक सौदागर अंसारी के निवेदन करने पर सौदा 1500 में फानल होता है एवं जेई लालधारी साय लाभुक सौदागर अंसारी को जीओ टैग के लिए गारू आने के लिए कहते हुए सुनाई पड़ता है। वहीं मामले की पुष्टि के लिए जब जेई लालधारी साय को फोन लगाया गया तो उनका मोबाइल स्विच ऑफ था, जिससे उनका पक्ष नहीं लिया जा सका। वहीं इस संबंध में एसडीओ नीत निखिल सुरीन ने कहा कि मामले की जांच कराकर उचित कारवाई की जाएगी।

## दो घरों में ताला तोड़ 6 बकरे व नकदी की चोरी

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के लबानी गांव में बीते शुक्रवार देर रात दो घरों में ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने 6 बकरे, कागजात सहित अन्य सामान के साथ हजारों रुपुए नकद की चोरी कर फरार हो गये। भुक्तभोगी ने थाना में प्राथमिकी दर्ज करने की गुहार लगाई है। आवेदन में कहा गया है कि लबानी गांव के इंद्रदेव दांगी का पुत्र संजय दांगी के घर से टाला तोड़कर 1500 रुपये नगद, 2 कुदाल सहित अन्य कागजात की चोरी हुई है। दूसरी चोरी की घटना लबानी गांव ही स्वर्गीय चिंतामन दांगी का पुत्र रूपलाल के घर से ताला तोड़कर बक्से से 5 हजार रुपये नगद व 6 बकरे की चोरी की है। शुक्रवार की रात करीब 9 बजे पत्थलगड़ा चले गये। भुक्तभोगी ने बताया कि राजस्थान से बकरे का नश्ल लाया था। इस चोरी से भक्तभोगी को 60 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

### बैठक | मनरेगा व पीएम आवास योजना की समीक्षा

# ग्रामीणों को रोजगार देने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**




उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कार्यों की प्रखंडवार समीक्षा के क्रम में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को नियमित रूप से कार्यों का निरीक्षण कर ससमय कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य के अनुरूप आवास योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया।

मनरेगा के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त ने ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस सृजित करते हुए ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना की समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त ने उपयुक्त स्थल का चयन कर खेल मैदान विकसित करने का निर्देश दिया एवं कहा कि इसमें कहां पर समस्या आ रही है इस बारे में बताएं, ताकि उसका अविलम्ब निषपादन किया जा सके। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत बागवानी योजना को लेकर विभिन्न दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बागवानी योजना से संबंधित जो लक्ष्य दिया गया है, शत- प्रतिशत लक्ष्य हासिल करें। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को जेएसएलपीएस के साथ समन्वय बनाकर ग्रामीणों को बागवानी योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारियों को मनरेगा अंतर्गत दीदी बाड़ी योजना, बिरसा कूप संवर्धन, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना की नियमित समीक्षा कर इनके क्रियान्वयन में अपेक्षित प्रगति लाने का दिशा निर्देश दिया। बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक व अन्य उपस्थित थे।

# चुनाव संपन्न, बोधी सिंह बने पंदनी पैक्स अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**



प्रखंड क्षेत्र के पंदनी पैक्स अध्यक्ष का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से शनिवार को संपन्न हो गया। पैक्स कार्यालय अमझर में बने मतदान केंद्र पर शांतिपूर्ण ढंग से पूरे चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हुआ जो तीन बजे संपन्न किया गया। बड़ी संख्या में महिला-पुरुष मतदाताओं ने कतारबद्ध होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बीसीओ सह निवार्ची पदाधिकारी श्याम सुंदर राम ने बताया कि उक्त चुनाव में दो उम्मीदवार बोधी सिंह व मुन्ना सिंह थे। कुल 331 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतगणना में, मुन्ना सिंह को 33 व बोधी सिंह को 295 मत प्राप्त हुए। तीन मत अवैध घोषित किए गए। मतदाताओं ने बोधी सिंह के पक्ष में गोलबंद होकर बड़े अंतर से उन्हें पैक्स अध्यक्ष के रूप में चुना और वे निर्वाचित घोषित किए गए। निवार्ची पदाधिकारी श्याम सुंदर राम, जिला परिषद सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी, प्रमुख मिकी देवी व मुखिया अजय कुमार भुईयां ने संयुक्त रूप से श्री सिंह को निर्वाचन सर्टिफिकेट दिया। मौके पर सुरक्षा को लेकर सहायक अवर निरीक्षक शशि ठाकुर के अलावा पुलिस कर्मी मुस्तैद थे।

# बहना ने भाई के कलाई पर प्यार बांधा है, प्यार के दो तार से संसार बांधा है





रक्षा बंधन का शाब्दिक अर्थ रक्षा करने वाला बंधन मतलब धागा है। इस पर्व में बहनें अपने भाई के कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती हैं और बदले में भाई जीवन भर उनकी रक्षा करने का वचन देते हैं। रक्षाबंधन का यह त्यौहार मनाना हम सभी के हाथ में है। जरूरत के मुताबिक अपनी बहन की मदद करना सही है, लेकिन बहन को भी सोचने की जरुरत हैं कि गिफ्ट या पैसे पर ही प्यार नहीं टिका है। जब यह त्यौहार इन सबके उपर आयेगा तो इसकी सुन्दरता और भी अधिक निखर जायेगी। कई जगह पर पत्नी अपने पति को राखी बांधती है। पति अपनी पत्नी को रक्षा का वचन देता है। सही मायने में यह त्यौहार नारी के प्रति रक्षा की भावना को बढ़ाने के लिए बनाया गया हैं। समाज में नारी की स्थिती बहुत गंभीर है, क्यूंकि यह त्यौहार अपने मूल अस्तित्व से दूर हटता जा रहा है। जरुरत है इस त्यौहार के सही मायने को समझे एवम अपने आस पास के सभी लोगो को समझायें। अपने बच्चो को इस लेन देन से हटकर इस त्यौहार की परम्परा समझायें तब ही आगे जाकर यह त्यौहार अपने एतिहासिक मूल को प्राप्त कर सकेगा। त्यौहारों के इस देश में रक्षाबंधन भाई बहन के प्रेम का त्यौहार हैं जो सदियों से मनाया जा रहा है। बहना ने भाई के कलाई से प्यार बांधा है, प्यार के दो तार से संसार बांधा है। इस लोकप्रिय गीत ने इन दो पंक्तियों में राखी के महत्व का वर्णन किया है।भाई-बहन जहां भी निवास कर रहे हो राखी के समय पर एक-दूसरे से मिल सकते हैं और अवश्य मिलना भी चाहिए। किसी पुरुष द्वारा महिला के प्रति भाई का फर्ज निभाने पर राखी के अवसर पर महिला उसे विशेष महसूस कराने के लिए राखी बांधती हैं। यह त्योहार भाई-बहन को स्नेह की डोर में बांधता है। इस दिन बहन अपने भाई के मस्तक पर टीका लगाकर रक्षा का बन्धन बांधती है, जिसे राखी कहते हैं। यह एक हिन्दू त्योहार है जो प्रतिवर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। रक्षाबन्धन में राखी या रक्षासूत्र का सबसे अधिक महत्त्व है। राखी कच्चे सूत जैसे सस्ती वस्तु से लेकर रंगीन कलावे, रेशमी धागे, तथा सोने या चाँदी जैसी मँहगी वस्तु तक की हो सकती है। रक्षाबंधन भाई बहन के रिश्ते का प्रसिद्ध त्योहार है, रक्षा का मतलब सुरक्षा और बंधन का मतलब बाध्य है। रक्षाबंधन के दिन बहने भगवान से अपने भाईयों की तरक्की के लिए भगवान से प्रार्थना करती है। राखी सामान्यतः बहनें भाई को ही बाँधती हैं। परन्तु ब्राह्मणों, गुरुओं और परिवार में छोटी लड़कियों द्वारा सम्मानित सम्बंधियों भी बाँधी जाती है। रक्षाबंधन के दिन बाजार में कई सारे उपहार बिकते है, उपहार और नए कपड़े खरीदने के लिए बाजार मे लोगों की सुबह से शाम तक भीड़ होती है। घर मे मेहमानों का आना जाना रहता है। रक्षाबंधन के दिन भाई अपने बहन को राखी के बदले कुछ उपहार देते है। रक्षाबंधन एक ऐसा त्योहार है जो भाई बहन के प्यार को और मजबूत बनाता है, इस त्योहार के दिन सभी परिवार एक हो जाते है और राखी, उपहार और मिठाई देकर अपना प्यार साझा करते है।

❖ गोलू कुमार

## भाई-बहन के बीच भावनात्मक संबंधों का प्रतीक है रक्षाबंधन



रक्षाबंधन का त्योहार हर साल श्रावण महीने की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। इस त्योहार को भाई-बहन के बीच भावनात्मक संबंधों का प्रतीक माना गया है। बहनें अपने भाइयों के लिए पसंदीदा राखियां खरीदने के लिए काफी पहले से तैयारी करती हैं। इस खास त्योहार पर बहन से राखी बंधवाकर भाई उसे रक्षाबंधन गिफ्ट देते है। लेकिन जब बारी आती है बहनों को गिफ्ट देने की, तो अकसर भाई अपना सिर खुजाने लग जाते हैं। अगर आप भी मार्केट की खाक छानकर परेशान हो रहे हैं और समझ नहीं पा रहे है कि अपनी बहन को क्या गिफ्ट करें तो ध्यान दें कि लड़कियों को नए नए कपड़ों से काफी लगाव होता है, इसलिये आज के ट्रेंड के हिसाब से सबसे लेटेस्ट कपड़े खरीद सकते है। क्यों की बहने भाइयों के लिए गुड़िया की तरह होती हैं। अगर आप अपनी बहन को इस रक्षा बंधन पर कुछ स्पेशल फील कराना चाहते हैं तो ये स्पेशल गिफ्ट आपकी बहन को पसंद तो आएगा ही साथ ही इससे वह काफी रिलेक्सिंग भी फील करेगी। पलामू के बजार में इस समय ज्वेलरी भी डिमांड में है। पतली रिंग्स, छोटे ईयररिंग, नोजपिन और ब्रेसलेट भी गिफ्ट कर सकते हैं। इसके लिए राखी के लिए कई तरह की ज्वेलरी लॉन्च की गई है। गोल्ड, डायमंड ज्वेलरी में बहनों की पसंद के अनुसार डिजाइन तैयार किए जा रहे हैं। क्यों की रक्षाबंधन पर भाई-बहन का एक दूसरे को उपहार देना प्यार जताने का बेहद खूबसूरत तरीका है। राखी पर बहन व भाई को तोहफा देकर उन्हें यह एहसास दिलाया जाता है कि वो कितने स्पेशल हैं। बस इसके लिए जरूरी है भाई-बहन की पसंद का और उनके जितना ही स्पेशल रक्षाबंधन गिफ्ट खरीदना और अपने बहन को खुश देखना।

❖ ओपी

## रक्षा बंधन का शाब्दिक अर्थ रक्षा करने वाला बंधन



रक्षाबंधन पर्व भाई बहन का यह त्योहार प्रति वर्ष मनाया जाता हैं जिसे हिन्दू पचांग के अनुसार श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता हैं जो कि ज्यादातर अंग्रेजी पंचाग के अनुसार अगस्त माह में आता है। इस पर्व में बहनें अपने भाई के कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती हैं और बदले में भाई जीवन भर उनकी रक्षा करने का वचन देते हैं। रक्षा बंधन को राखी या सावन के महिने में पड़ने के वजह से श्रावणी व सलोनी भी कहा जाता है। यह श्रावण माह के पूर्णिमा में पड़ने वाला हिंदू धर्म का प्रमुख त्योहार में एक है। इस पर्व पर बहनें सुबह स्नान करके पूजा की थाल सजाती हैं, पूजा की थाल में कुमकुम, राखी, रोली, अक्षत, दीपक तथा मिठाई रखी जाती है। तत्पश्चात घर के पूर्व दिशा में भाई को बैठा कर उसकी आरती उतारी जाती है, सिर पर अक्षत डाला जाता है, माथे पर कुमकुम का तिलक किया जाता है फिर कलाई पर राखी बांधी जाती है। अंत में मीठा खिलाया जाता है। भाई के छोटे होने पर बहनें भाई को उपहार देती हैं अपितु भाई बहनों को उपहार देते हैं।बहनें भी भाई के कलाई पर राखी बांधती हैं। इसके साथ ही समय की व्यस्तता के कारण राखी के पर्व की पूजा पद्धति में भी बदलाव आया है। अब लोग पहले के अपेक्षा इस पर्व में कम सक्रिय नजर आते हैं। राखी के अवसर पर अब भाई के दूर रहने पर लोगों द्वारा कुरियर के माध्यम से राखी भेज दिया जाता है। इसके अतिरिक्त मोबाइल पर ही राखी की शुभकामनाएं दे दी जाती हैं।रक्षा बंधन में सर्वाधिक महत्वपूर्ण रेशम का धागा है, जिसे महिलाएं भावपूर्ण होकर भाई के कलाई पर बांधती हैं पर आज बाजार में अनेक प्रकार की राखियां उपलब्ध दिखाई देती है।यह पर्व भाई-बहन को और समीप ले आता है तथा जिनसे हमारा कोई संबंध नहीं हम उन्हें भी इस पर्व के माध्यम से भाई-बहन बना सकते हैं। राखी के पर्व का महत्व, इतिहास के इस कहानी से लगाया जा सकता है।बहन भाई का रिश्ता खट्टा-मीठा होता है। जिसमें वह आपस में बहुत झगड़ते हैं पर एक-दूसरे से बात किए बिना नहीं रह सकते। राखी का पर्व उनके जीवन में एक-दूसरे के महत्व को बताने का कार्य करता है हमें सभी को यह उत्सव परंपरागत विधि से मनाना चाहिए।

❖ वेद प्रकाश

## रक्षाबंधन अब देश विदेश में भी

रक्षाबंधन पर्व में बालकों की पूरी कलाई बालिकाओं द्वारा रंग-बिरंगी राखी से भर दिया जाता है। कुछ बालकों की इसमें सहमति नहीं होती है परन्तु परिस्थिति के अनुसार उन्हें यह करना पड़ता है। सच में यह रोचक दृश्य होता है। इसे राखी पूर्णिमा के तौर पर भी जाना जाता है। यह त्योहार हिंदू चंद्र कैलेंडर के सावन माह में पूर्ण चंद्र के दिन होता है, जिसे पूर्णिमा कहा जाता है। राखी एक धर्मनिरपेक्ष त्योहार है। इसे पूरे देश में मनाया जाता है। राज्य, जाति और धर्म कोई भी हो, हर व्यक्ति इसे मनाता है। राखी का त्योहार अब देश विदेश में भी मनाया जाता है। रक्षा बंधन का शाब्दिक अर्थ हुआ रक्षा का बंधन। भाई और बहन इस दिन एक-दूसरे के प्रति अपने नैसर्गिक प्रेम को प्रदर्शित करते हैं। भाई अपनी बहन को हर मुश्किल परिस्थिति में रक्षा करने और किसी भी अप्रिय स्थिति से बचाने का वचन देता है। बहनें अपने भाई की लंबी आयु की कामना करती हैं। प्रेम और सौहाद्र का यह रिश्ता इस पवित्र बंधन को और भी अधिक मजबूत करता है। इस पर्व के बारे में बहुत सारी कथाएं प्रचलित हैं, जिनका सार यही है कि धागों का ये त्योहार प्रेम, भरोसे, त्याग और समर्पण का प्रतीक है। धागा किसी की भी कलाई में बांधा जाए, चाहे वो भाई हो, गुरु हो या फिर पूज्यनीय व्यक्ति,इसका मकसद केवल एक ही होता है और वो है उस व्यक्ति के प्रति अपना प्रेम, विश्वास जताता है और उसके लिए बहुत सारी दुआएं होती है। बहनें अपने भाइयों के लिए पसंदीदा राखियां खरीदने के लिए काफी पहले से तैयारी करती हैं। कई बहनें अपने से दूर रह रहे भाइयों को पोस्ट के जरिए राखी भेजती हैं। भाई भी बहनों के लिए उपहार तलाशना शुरू कर देते हैं। यह इस बात पर निर्भर करता है कि उनके पास कितने पैसे हैं और उनका बजट क्या है। इंटरनेट के इस जमाने में, ऑनलाइन स्टोर से सीधे राखी और उपहार भेजने का चलन भी तेजी से बढ़ रहा है। कुछ तो वास्तविक राखियों के स्थान पर वर्चुअल राखियां देने की भी सोचते हैं। राखी के दिन हर घर में उत्साह का माहौल रहता है। पूरा परिवार एकजुट होता है। परिवार के सदस्य नए कपड़े पहनते हैं। महिलाएं और लड़कियां अपनी हथेलियों पर मेहंदी लगवाती हैं। मिठाइयां बनती हैं और हर घर में एक कार्निवाल-सी तैयारी होती है। घर के देवी-देवताओं की पूजा करने के बाद बहनें अपने भाई की आरती उतारती हैं। तिलक और चावल माथे पर लगाती हैं। बदले में भाई जिंदगीभर सुरक्षा का वचन देने के साथ ही उपहार भी बहनों को देते हैं।

❖ उर्मिला कुमारी



## रक्षाबंधन आपसी रिश्ते व प्रेम का प्रतीक है

**रक्षाबंधन का त्योहार हर साल श्रावण महीने की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। इस त्योहार को भाई-बहन के बीच भावनात्मक संबंधों का प्रतीक माना गया है। त्योहार के दिन बहनें भाई की सलामती की दुआ करते हुए उन्हें मिठाई खिलाकर कलाई में राखी मौली, रेशमी धागा, कच्चा सूत बांधती हैं।**

रक्षा बंधन अब खून के रिश्तों तक सीमित नहीं है, जो भाई और बहन के बीच ही रहे। आज, बहनें भी एक-दूसरे को राखी बांधकर एक-दूसरे को जीवनभर प्रेम और रक्षा करने का वचन देती हैं। यह त्योहार आपसी रिश्ते को मजबूती देने और एक-दूसरे के प्रति अपने अहसास बताने के लिए भी लोग मनाने लगे हैं। । रक्षा बंधन एक व्यापक नजरिये को प्रस्तुत करता है।

रक्षाबंधन का त्योहार हर साल श्रावण महीने की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। इस त्योहार को भाई-बहन के बीच भावनात्मक संबंधों का प्रतीक माना गया है। त्योहार के दिन बहनें भाई की सलामती की दुआ करते हुए उन्हें मिठाई खिलाकर कलाई में राखी मौली, रेशमी धागा, कच्चा सूत बांधती हैं। माना जाता है कि इस दिन राखी बांधने से बुरे ग्रह दूर हो जाते हैं। जीवन के नैतिक, सांस्कृतिक और अध्यात्मिक मूल्य भी इसमें शामिल हैं। कोई भी रिश्ता किसी खास दिन या उत्सव का मोहताज नहीं होता। लेकिन त्योहार और खास दिन ही हमारी रोजमर्रा की बोरियत भरी जिंदगी से दूर करते हुए हमें आपसी रिश्तों और प्रेम के प्रतीक इन त्योहारों को मनाने को प्रेरित करते हैं।

इस रिश्ते में जहां ढेर सारा प्यार होता है, वहीं तकरार भी खूब होती है। भले ही भाई-बहन का रिश्ता जैसा भी हो,लेकिन रक्षाबंधन के दिन सभी गिले-शिकवे मिटाकर दोनों एक हो जाते हैं। इस संसार में मां बाप के बाद कोई बच्चा अगर किसी का हाथ पकड़ता है तो वो होते हैं उसके भाई और बहन। घर का कमरा शेयर करना हो। किताबें पढ़नी हों। लड़ाई करनी हो। रुठना, मनाना। भाई और बहन का रिश्ता ऐसा है जिसका कभी अंत नहीं हो सकता है। भाई और भाई की लड़ाई हो जाए तो वो उम्र भर आपस में बात नहीं करते, लेकिन भाई और बहन कभी एक दूसरे से अलग नहीं रह सकते। हर किसी की बहन अपने भाई की केयर करती है । भले ही घर में वो उससे लड़ाई करे , लेकिन कभी किसी बाहर के शख्स के मुहं से उसकी बुराई नहीं सुन सकती। उसी तरह भाई का अगर घर बस जाए, शादी हो जाए, बच्चे हो जाएं, फिर भी वो बहन से पूरा रिश्ता निभाता है। बहन को भी अपने भाई से ही सारी आस होती है।

इसी प्यार के रिश्ते को जाहिर करता है रक्षा बंधन या राखी का त्योहार। इस खास त्योहार पर बहन से राखी बंधवाकर भाई उसे रक्षाबंधन गिफ्ट देते है।

❖ बजरंगी कुमार

## रक्षा बंधन में महत्वपूर्ण रेशम का धागा

भाई के कलाई पर बंधन बांधे जाने की रीत को रक्षा बंधन कहते हैं। पहले के समय में, रक्षा के वचन का यह पर्व विभिन्न रिश्तों के अंतर्गत निभाया जाता था। इस पर्व पर बहनें सुबह स्नान करके पूजा का थाल सजाती हैं, पूजा के थाल में कुमकुम, राखी, रोली, अक्षत, दीपक तथा मिठाई रखी जाती है। तत्पश्चात घर के पूर्व दिशा में भाई को बैठा कर उसकी आरती उतारी जाती है, सिर पर अक्षत डाला जाता है, माथे पर कुमकुम का तिलक किया जाता है फिर कलाई पर राखी बांधी जाती है। अंत में मीठा खिलाया जाता है। भाई के छोटे होने पर बहनें भाई को उपहार देती हैं अपितु भाई बहनों को उपहार देते हैं। रक्षा बंधन में सर्वाधिक महत्वपूर्ण रेशम का धागा है, जिसे महिलाएं भावपूर्ण होकर भाई के कलाई पर बांधती हैं पर आज बाजार में अनेक प्रकार की राखियां उपलब्ध हैं। जिसमें कुछ तो सोने-चांदी की भी हैं। रेशम के सामान्य धागे से बना यह प्यार का बंधन धीरे-धीरे दिखावें में तब्दील हो रहा है। स्वयं को नये जमाने का दिखाने के लिए, हम शुरू से हमारी सभ्यता को पुराना फैशन कह कर भूलाते आए हैं। हमने हमारी पूजा पद्धति बदली है। अपनी संस्कृति की रक्षा हेतु हमें हमारे पर्वों के रीति रिवाज में परिर्वतन नहीं करना चाहिए और राखी के पर्व के महत्व को समझते हुए हमें इस पर्व को बनाए गई पूजा पद्धति के अनुसार करना चाहिए। यह पर्व भाई-बहन को और समीप ले आता है तथा जिनसे हमारा कोई संबंध नहीं हम उन्हें भी इस पर्व के माध्यम से भाई-बहन बना सकते हैं। पुराने समय में घर की छोटी बेटी द्वारा पिता को राखी बांधी जाती थी। इसके साथ ही गुरुओं द्वारा अपने यजमान को भी रक्षा सूत्र बांधा जाता था, पर अब बहनें ही भाई के कलाई पर यह बांधती हैं। इसके साथ ही समय की व्यस्तता के कारण राखी के पर्व की पूजा पद्धति में भी बदलाव आया है। अब लोग पहले के अपेक्षा इस पर्व में कम सक्रिय नजर आते हैं। राखी के अवसर पर अब भाई के दूर रहने पर लोगों द्वारा कुरियर के माध्यम से राखी भेज दिया जाता है। रक्षा बंधन का शाब्दिक अर्थ रक्षा करने वाला बंधन मतलब धागा है। इस पर्व में बहनें अपने भाई के कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती हैं और बदले में भाई जीवन भर उनकी रक्षा करने का वचन देते हैं। रक्षा बंधन को राखी या सावन के महीने में पड़ने के वजह से श्रावणी व सलोनी भी कहा जाता है। यह श्रावण माह के पूर्णिमा में पड़ने वाला हिंदू धर्म का प्रमुख त्योहार है।बहन भाई का रिश्ता खट्टा-मीठा होता है। जिसमें वह आपस में बहुत झगड़ते हैं पर एक-दूसरे से बात किए बिना नहीं रह सकते। राखी का पर्व उनके जीवन में एक-दूसरे के महत्व को बताने का कार्य करता है। हम सभी को यह उत्सव परंपरागत विधि से मनाना चाहिए। आजकल तो मोबाइल पर ही राखी की शुभकामनाएं दे दी जाती हैं। हमारे पूर्वजों द्वारा बनाए गए पर्वों, त्योहारों व उपवास के विधि-विधान हमारी सभ्यता, संस्कृति के रक्षक है। इन सब से हमारी पहचान है। हमें इसे बदलने का प्रयास नहीं करना चाहिए।

❖ कुमारी रिया

## आज का राशिफल

**मेष राशि** : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी।

**वृष राशि** : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें।

**मिथुन राशि** : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**कर्क राशि** : सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी।

**सिंह राशि** : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**कन्या राशि** : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।

**तुला राशि** : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**वृश्चिक राशि** : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**धनु राशि** : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मकर राशि** : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

**कुंभ राशि** : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**मीन राशि** : अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है।

